(ख) वे माता को क्या-क्या कह कर हठ कर रहे हैं ? पद्यांश के आधार पर लिखिए। [3]

(ग) माता ने उन्हें समझाने का क्या प्रयास किया ? क्या वे सफल रहीं ? स्पष्ट कीजिए। [2]

(घ) सूरदास किस 'रस' के सम्राट माने जाते हैं ? क्यों ? संक्षेप में लिखिए। [2]

10. **'मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के ।**
**आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,**
**दरवाज़े खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली,**
**पाहुन ज्यों आए हो, गाँव में शहर के ।**
**पेड़ झुक झांकने लगे गरदन उचकाए,**
**आँधी चली धूल भागी घाघरा उठाए,**
**बाँकी चितवन उठा नदी ठिठकी, घूँघट सरखए।**
**मेघ आए बड़े बन ठन के सँवर के ।।'**

(क) 'मेघ' किसका प्रतीक है ?' 'मेघ' के गाँव में पहुँचने पर कैसी हलचल मच जाती है ? [3]

(ख) कवि ने ग्रामीण संस्कृति व परम्पराओं का सुन्दर चित्र खींचा है - उदाहरणों से समझाइए। [3]

(ग) 'पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के' - इस पंक्ति से कवि का क्या आशय है ? विशेष रूप से रेखांकित शब्दों को ध्यान में रख कर उत्तर दीजिए। [2]

(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - [2]
बयार, बांकी, घाघरा, चितवन



Downloaded From www.icseboard.org

# त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
## हिन्दी

**कक्षा : X**
**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। खण्ड 'ब' से किन्हीं चार प्रसंगों के उत्तर लिखिए। गद्य एवं पद्य भाग से एक-एक प्रसंग करना अनिवार्य है।**

### खण्ड "अ" (भाषा – 40 अंक)

1. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त प्रस्ताव लिखें।** [15]

(क) पिछले तीन वर्षों से भारत में 'स्वच्छता-अभियान' जारी है। आपके नगर में इस दिशा में क्या-क्या कार्य किए गए हैं? इस अभियान को सफल बनाने के लिए अभी और क्या कार्य करने की आवश्यकता है ? अपने विचार लिखिए।

(ख) एक लम्बी दूरी की 'रेलयात्रा' में होने वाले खट्टे-मीठे अनुभवों का वर्णन करें। यह यात्रा कहाँ से शुरू हो कर कहाँ पर समाप्त हुई। आपके साथ कौन-कौन लोग थे। रेल के कम्पार्टमेण्ट में आपके सहयात्रियों का व्यवहार आदि के आधार पर वर्णन कीजिए।

(ग) 'एक ऑटोचालक' की आत्मकथा।

(घ) 'मज़बूत और समृद्ध देश के निर्माण के लिए राष्ट्रीय एकता अनिवार्य है। इसके लिए सभी धर्मों व जातियों में आपसी प्रेम, सम्मान व विश्वास के रिश्ते की आवश्यकता है।' इसे आधार बना कर अपने विचार लिखिए।

*{Turn Over}*

(ङ) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका विषय हो –
"खाली दिमाग शैतान का घर"

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]**

(क) इस वर्ष आपका विद्यालय एक नवीन भवन में स्थानांतरित हो रहा है। पिछले अनेक वर्षों से आप वर्तमान विद्यालय-भवन में पढ़ते रहे हैं। अब इसे छोड़ना होगा। आपकी भावनाएँ किस प्रकार की हैं। मित्र को पत्र लिख कर बताइए।

(ख) किसी स्थानीय समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिख कर स्त्रियों पर होने वाले हमलों व दुर्व्यवहार पर अपनी चिंता व्यक्त कीजिए। समाज की सोच (मानसिकता) को बदलने में 'मीडिया' – पत्र पत्रिकाओं को अपनी मजबूत भूमिका निभाने पर जोर भी दें।

**3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और दिए गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में दीजिए।**

पण्डित जवाहर लाल नेहरू की 'अन्तिम इच्छा' से उद्धृत — "भारतीय जनता से मुझे इतना प्रेम और स्नेह है कि मैं, चाहे जो कुछ भी क्यों न करूँ, उसके अल्पांश का भी बदला नहीं चुका सकता। और सच तो यह है कि प्रेम जैसी अमूल्य वस्तु का बदला चुकाया ही नहीं जा सकता।

लोगों ने बहुतों को सराहा है और अनेक लोगों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की है परन्तु भारत के लोगों से मुझे इतना अधिक प्यार मिला है कि मैं उससे अभिभूत हूँ। मैं केवल यह आशा करता हूँ कि जितने दिन मैं जीवित रहूँ, अपने देशवासियों के प्यार के योग्य बना रहूँ।



## पद्य भाग

**8. ऊँचा खड़ा हिमालय, आकाश चूमता है,**
**नीचे चरण तले पड़, नित सिंधु झूमता है ।**
**गंगा, यमुना, त्रिवेणी नदियाँ लहर रही है,**
**जगमग छटा निराली, पग-पग लहर रही हैं ।**
**वह पुण्य भूमि मेरी, वह स्वर्ण भूमि मेरी ।**
**वह जन्म भूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी ।**

(क) कवि ने भारतवर्ष के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ? कविता के आधार पर विस्तार से लिखिए। [3]

(ख) कवि भारतभूमि को 'पुण्यभूमि' तथा 'स्वर्णभूमि' क्यों कहते हैं। उदाहरणों से स्पष्ट करें। [3]

(ग) 'त्रिवेणी' से आप क्या समझते हैं ? भारतीय संस्कृति में 'त्रिवेणी' का क्या माहात्म्य है ? [2]

(घ) अपने देश की किन्ही चार विशेषताओं का वर्णन करें, जिन पर आपको गर्व हो। (कविता से न चुनें) [2]

**9. 'मैया मेरी, चंद्र खिलौना लै हौं ।।**
**धौरी को पय पान न करि हौं, बेनी सिर न गुथैहौं ।**
**मोतिन माल न धरि हौं उर पर, झुंगली कंठ न लैहौं ।।**
**जैहों लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न एहौं ।**
**लाल कहैहौं नंद बबा को, तेरो सुत न कहैहौं ।।**
**कान लाय कुछ कहत जसोदा, दाउहिं नाहिं सुनैहौं ।'**

(क) बाल कृष्ण किस वस्तु के लिए हठ कर रहे ? वे उस वस्तु के प्रति क्यों आकृष्ट हुए होंगें ? विचारपूर्वक लिखिए। [3]



Downloaded From www.icseboard.org

(ग) भेड़ों का स्वप्न पूरा क्यों न हो सका ? उनसे क्या गलती हो गई ? संक्षेप में लिखिए। [2]

(घ) इस कहानी में भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश के लिए क्या-क्या संदेश हैं ? [2]

6. **सेठ का हृदय भर आया- "बेचारे को कई दिन से खाना नहीं मिला दीखता, तभी तो यह हालत हो गई है।"**

(क) सेठ कौन थे ? उनका परिचय दीजिए। उन पर क्या विपदा आ पड़ी थी ? [3]

(ख) सेठ का हृदय क्यों भर आया ? वे उस समय कहाँ थे ? [3]

(ग) उन्होंने 'बेचारे' के साथ कैसा व्यवहार किया ? [2]

(घ) इस 'अच्छे कार्य' को क्या कहा गया ? इसका उन्हें क्या पुरस्कार मिला ? [2]

7. **'यह इंसाफ नहीं अंधेर है। सिर्फ अठन्नी की ही तो बात थी।'**

(क) उक्त कथन किसने कहा है ? उसके विषय में आप क्या जानते हैं ? [3]

(ख) वक्ता किस इंसाफ़ की बात पर कर रहा है ? उसे यह इंसाफ 'अंधेर' क्यों लगा ? [3]

(ग) आपके अनुसार कैसा न्याय उचित होता ? दो-तीन विकल्प (options) दीजिए। [2]

(घ) कहानी 'बात अठन्नी की' का शीर्षक सार्थक है - सिद्ध करें। [2]



मेरी इच्छा है कि मरने के बाद मेरा 'दाह-संस्कार' कर दिया जाए। यदि मैं विदेश में मरूँ तो 'दाहकर्म' वहीं कर दिया जाए और भस्म प्रयाग भेज दी जाए। उसकी एक मुट्ठी गंगा में प्रवाहित कर दी जाए। भस्म के शेष भाग का क्या किया जाए, यह मैं आगे बताता हूँ। भस्म का कुछ भी भाग, न बचाया जाए और न ही सुरक्षित रखा जाए।'

प्रयाग की त्रिवेणी में भस्म का कुछ भाग विसर्जित करने की मेरी इच्छा का कोई धार्मिक महत्व नहीं है। बचपन से ही इलाहाबाद की गंगा और यमुना नदियों से मेरा ममत्व रहा है। ज्यों-ज्यों मैं बड़ा होता गया हूँ, यह ममत्व बढ़ता ही गया है।

मैंने विभिन्न ऋतुओं में गंगा के विविध स्वरूप को निहारा है। उन ऐतिहासिक तथा पौराणिक कथाओं, परम्पराओं एवं गीतों की मुझे, प्रायः याद हो आई है जो अनादि काल से गंगा से जुड़ें हैं।

गंगा युगों पुरानी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की प्रतीक रही है। लोगों की उस पर अपार श्रद्धा है।

यद्यपि मैंने अधिकांश पुरानी परम्पराओं और रस्मों को छोड़ दिया है और मैं चाहता हूँ कि भारत उन रूढ़ियों से अपने को मुक्त कर ले जो उसे जकड़े हुए हैं और आगे नहीं बढ़ने देते; जो लोगों में फूट डालते हैं, उन्हें दबाते हैं और स्वतंत्र विकास में बाधा पहुँचाते हैं। साथ ही मैं भारत के अतीत की स्वस्थ परम्पराओं से भी नाता रखना चाहता हूँ।

मुझे अपनी विरासत पर गर्व है। मेरी यह विरासत भारत के अतीत के स्वर्णकाल से जुड़ी है और मैं भी औरों की तरह उस श्रृंखला की एक कड़ी हूँ।



Downloaded From www.icseboard.org

मैं उस श्रृंखला को कभी नहीं तोड़ना चाहूँगा क्योंकि मैं उसे बहुत बड़ी निधि मानता हूँ और उससे प्रेरणा ग्रहण करता हूँ।

भारत के इसी उत्तराधिकार (सांस्कृतिक विरासत) के प्रति अपनी अन्तिम श्रंद्धाजलि अर्पित करने की इच्छा से मैं यह प्रार्थना करता हूँ कि मेरी भस्म में से मुट्ठी भर इलाहाबाद के पास गंगा में प्रवाहित कर दी जाए, जिससे कि वह उस महासागर तक पहुँच जाए, तो भारत का पाद-प्रक्षालन करता है।

मैं चाहता हूँ कि मेरी भस्म का शेष भाग विमान द्वारा ऊपर से खेतों पर बिखेर दिया जाए, जहाँ भारत के किसान अपना पसीना बहाते हैं, ताकि वह भस्म भारत की धूल और मिट्टी में मिलकर भारत का अभिन्न अंग बन जाए।

(क) नेहरू जी के मन में भारतीय जनता के प्रति कैसी भावना थी? [2]

(ख) उनके मन में गंगा और यमुना के प्रति ममत्व क्यों था ? [2]

(ग) उन्होंने अपने दाह-संस्कार के सम्बन्ध में क्या कहा ? [2]

(घ) अपने शरीर की भस्म के विसर्जन के सम्बन्ध में नेहरू जी के क्या विचार थे ? [2]

(ङ) इस गद्यांश से नेहरू जी के चरित्र पर क्या प्रकाश पड़ता है ? विचार पूर्वक लिखें। [2]

4. **(क) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (शब्द उतारें)** [1]

अंधकार, अधम, अंतःपुर, अनार, अंग

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (शब्द उतारें)** [1]

उत्साह, चल, गरल, औचित्य, गृहस्थ



**(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विशेषण शब्द लिखिए। (शब्द उतारें)** [1]

वेद, प्रदेश, अपमान, स्मरण, शास्त्र

**(घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के भाववाचक शब्द लिखिए। (शब्द उतारें)** [1]

सर्व, सुजन, रंग, प्रभु, मम

**(ङ) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे से वाक्य बनाइए।** [1]

काफूर होना, उंगली उठाना, कमर कसना

**(च) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –** [3]

(i) ताजमहल के सौन्दर्य का वर्णन नहीं किया जा सकता । (रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिख कर वाक्य पुनः लिखिए।)

(ii) वह छात्र स्वच्छता-अभियान में भाग लेने का इच्छुक है। (वाक्य को बहुवचन में लिखिए)

(iii) वह केवल पढ़ता ही नहीं, लिखता भी है। (सरल वाक्य बनाइए)

## खण्ड "ब" साहित्य (40 अंक) – गद्य भाग

5. **'पशु समाज में इस 'क्रांतिकारी' परिवर्तन से हर्ष की लहर दौड़ गई कि सुख-समृद्धि और सुरक्षा का स्वर्ण-युग अब आया और वह आया।'**

(क) 'क्रांतिकारी' शब्द का क्या अर्थ है ? पशु समाज में कौन सा क्रांतिकारी परिवर्तन आने वाला था ? [3]

(ख) इस परिवर्तन से कौन सबसे अधिक प्रसन्न और क्यों ? [3]



Downloaded From www.icseboard.org